Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite the implementation of City Gas Distribution Scheme in Bihar-laid.

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): हम सब को यह ज्ञात है कि भारत सरकार का फोकस गैस आधारित अर्थव्यवस्था पर है । यह सरकार की स्वच्छ ऊर्जा के प्रति एक अच्छी पहल है । जब शहर में गैस पहुंचती है, तो वो एक नए इकोसिस्टम का निर्माण करती है । उस शहर में गैस आधारित उद्योगों की स्थापना की संभावना बढ़ती है । पाइप के जरिए सीधे लोगों के घरों में पहुंचने वाली गैस लोगों का जीवन आसान बनाती है । पाइप को बिछाने के लिए हजारों युवाओं को रोजगार मिलता है ।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड ने मार्च 2019 में घोषणा की कि बिहार के 28 जिलों में अगले दो साल में सीएनजी-पीएनजी मिलने लगेगी । पटना से झारखंड जाने वालों के लिए रास्ते के सभी जिलों में सीएनजी स्टेशन होने थे । इनमें बिहार के 26 जिलों में काम आईओसीएल को मिला । जहानाबाद, अरवल एवं गया सहित अन्य जिलों में दो साल में सीएनजी-पीएनजी स्टेशन चालू करने का लक्ष्य था ।

आईओसीएल को काम मिले 28 महीने से ज्यादा होने को आए हैं परंतु घरों तक पाईप से गैस पहुंचाने की दिशा में कोई प्रगति नही है । जहानाबाद, अरवल सहित बिहार के लोग पाईप गैस की बाट जोह रहे हैं ।

मेरा माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री जी से आग्रह है कि एक विशेष टीम को सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना के काम में लगाएं ताकि तेज गति से यह योजना पूरी हो सके और क्षेत्र की जनता को जल्द लाभ मिले ।